संपादकीय

# तैयार तो होना पड़ेगा

एआई के उपयोग ने ऑटोमेशन की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। कंप्यूटर और इंटरनेट के आगमन के साथ ऑटोमेशन प्रचलित हुआ था- अब उसका अगला चरण हमारे सामने है। अब छोटे और मध्यम आकार की कंपनियां भी ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से उद्योग और कारोबार जगत में हलचल मचने की खबरें अब लगातार आ रही हैं। खासकर ऐसा विकसित अर्थव्यवस्थाओं में हो रहा है। एआई के उपयोग ने ऑटोमेशन की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। कंप्यूटर और इंटरनेट के आगमन के साथ ऑटोमेशन प्रचलित हुआ था- अब उसका अगला चरण हमारे सामने है। अब छोटे और मध्यम आकार की कंपनियां भी ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही है। नतीजतन, कामगारों की संख्या लगातार घटती जा रही है। जर्मनी में जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक करीब 17 लाख लोगों के रिटायर होने के बाद उनकी जगहों को इनसान से नहीं भरा जा जाएगा। मानव संसाधन प्रबंधन सेवा मुहैया कराने वाली एक यूरोपीय कंपनी के मुताबिक रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ऑटोमेशन की उन्नत तकनीकों का असर बहुत ज्यादा होगा। लबे समय में ये तकनीकें कामकाजी दुनिया में गेम चेंजर साबित होंगी। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रोबोटिक्स के मुताबिक कंपनियों के कामकाज में रोबोट्स के इस्तेमाल में 2018 के बाद से औसतन चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

विशेषज्ञों के मुताबिक बढ़ता ऑटोमेशन यह दिखाता है कि रोबोट्स का इस्तेमाल आसान हो गया है। इनकी प्रोग्रामिंग में अब खास हुनर की जरूरत नहीं पड़ती। ज्यादार रोबोड्स ऐसे इंटरफेस के साथ आ रहे हैं, जिनमें स्मार्टफोन जैसे टचस्क्रीन हैं। इनसे बेशक कंपनियों में कामकाज आसान हुआ है। लेकिन रोजगार के मोर्चे पर चुनौती बढ़ रही है। तजुर्बा यह है कि हर तकनीक अपने साथ नई संस्कृति लेकर आती है। उससे कुछ रोजगार विलुप्त होते हैं, तो कुछ नए रोजगार पैदा भी होते हैं। मगर एआई संचालित ऑटोमेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके इस्तेमाल से कितने नए अवसर पैदा होंगे, कहना कठिन है। ऑटोमेशन के पिछले दौर में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर घटे थे। बहरहाल, यह मुद्दा रोने का नहीं है। इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि प्रगति और आविष्कारों को रोका नहीं जा सकता है। इसलिए चुनौती यह है कि समाज और सरकारें नई बन रही कार्य संस्कृति के मुताबिक योजनाएं अभी से बनाएं। जो ऐसा करने में चूकेगा, आने वाले युग में उसकी मुसीबत बढ़ जाएगी।

# रचिन रवींद्र ने की पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई, शतक के साथ बना दिए कई कीर्तिमान




**बेंगलुरु।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 35वां मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम को पहले बल्लेबाजी का मौका मिला है। कीवी टीम से 23 साल के ओपनिंग बल्लेबाज रचिन रवींद्र के बल्ले से शानदार शतकीय पारी देखने को मिली है। रवींद्र ने 94 गेंदों में 108 रनों की शानदार पारी खेलते हुए कई कीर्तिमान को तोडऩे का भी काम किया। रवींद्र ने अपने डेब्यू वर्ल्ड कप में ही तीन शतक लगाने का भी कारनामा किया है।

न्यूजीलैंड टीम ने कप्तान केन विलियमसन की इस मैच में वापसी के बाद रचिन रवींद्र को बतौर ओपनिंग बल्लेबाज खिलाने का फैसला किया। रवींद्र ने शुरू से ही पाकिस्तानी गेंदबाजों पर दबाव बनाते हुए तेजी के साथ डीवोन कॉन्वे के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 68 रनों की तेज साझेदारी की। इसके बाद रवींद्र कप्तान विलियमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 180 रनों की साझेदारी करने के साथ इस वर्ल्ड कप में अपना तीसरा शतक भी पूरा किया। रचिन अब न्यूजीलैंड के लिए वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा शतकीय पारी खेलने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। वहीं रवींद्र एक वनडे वर्ल्ड कप संस्करण में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा शतकीय पारी खेलने वाले खिलाड़ी हैं।

वर्ल्ड कप में 25 साल से कम उम्र में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रचिन रवींद्र ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है, जिन्होंने 2 शतक लगाए थे। वहीं अपने डेब्यू वर्ल्ड कप में रचिन अभी तक 523 रन बना चुके हैं और इस मामले में अब वह सिर्फ जॉनी बेयरस्टो से पीछे हैं, जिन्होंने साल 2019 के वर्ल्ड कप में 532 रन बनाए थे। वहीं रचिन अब वर्ल्ड कप अपने पहले संस्करण में 500 से अधिक रन बनाने के मामले में सबसे कम उम्र के भी खिलाड़ी बन गए हैं।

## केन विलियमन ने रचा इतिहास, बने न्यूजीलैंड के लिए वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज



**बेंगलुरु।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बेंगलुरू के मैदान पर खेले जा रहे मैच में कीवी टीम के कप्तान केन विलियमसन के बल्ले से शानदार 95 रनों की पारी 79 गेंदों में देखने को मिली। विलियमसन ने अपनी इस पारी के दम पर बतौर न्यूजीलैंड खिलाड़ी एक खास कीर्तिमान अपने नाम पर कर लिया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में बल्लेबाजी के दौरान अंगूठा चोटिल होने की वजह से पिछले कुछ मैचों से बाहर रहने वाले विलियमसन ने वापसी के साथ अपने फॉर्म को भी बता दिया।

न्यूजीलैंड के लिए इस मैच से पहले वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग के नाम पर था, जिन्होंने 33 मैचों में 35.83 के औसत से 1075 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक और 5 अर्धशतकीय पारियां शामिल थीं। वहीं विलियमसन ने अब अपनी 95 रनों की पारी के दम पर फ्लेमिंग को पीछे छोड़ते हुए न्यूजीलैंड के लिए वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। विलियमसन ने अब तक 25 मैचों में 63.76 के औसत से 1084 रन बनाए हैं, इस दौरान उनके बल्ले से दो शतकीय और पांच अर्धशतकीय पारियां देखने को मिली हैं। विलियमसन ने इस मैच में रचिन रवींद्र के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 180 रनों की बड़ी साझेदारी की जो वर्ल्ड कप के इतिहास में न्यूजीलैंड के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी भी हो गई है।

# जुलाई-सितंबर तिमाही में इंडिगो ने 189 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया




**नई दिल्ली ।** प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने कहा कि इसने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। पिछले साल की इसी तिमाही में इसे 1,583.33 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

कम लागत वाली एयरलाइन का राजस्व 19.5 प्रतिशत बढक़र 14,943 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 12,497 करोड़ रुपये था। राजस्व में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में तिमाही के दौरान घरेलू यात्रा में तेज वृद्धि के कारण हुई है।

अगर पिछली तिमाही को देखें तो इंडिगो ने जनवरी-मार्च तिमाही में 14,160 करोड़ रुपये की बिक्री पर 919 करोड़ रुपये का लाभ और चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 16,683.1 करोड़ रुपये की बिक्री पर 3,090 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। जुलाई-सितंबर तिमाही आमतौर पर विमानन क्षेत्र के लिए कमजोर होती है क्योंकि मानसून की बारिश हवाई यात्रा को प्रतिबंधित करती है।

# स्पाइसजेट ने अपने नए व मौजूदा मार्गों पर 44 उड़ानों को किया शामिल




**नई दिल्ली ।** स्पाइसजेट ने अपने नए और मौजूदा मार्गों पर 44 उड़ानें जोडऩे की घोषणा की। हाल ही में, एयरलाइन ने चार 737 मैक्स सहित आठ बोइंग 737 भी शामिल किए हैं।

अपने उड़ान नेटवर्क का विस्तार करते हुए, स्पाइसजेट ने शिलांग और कोलकाता को दैनिक उड़ानों से जोडऩे की योजना की भी घोषणा की।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, स्पाइसजेट चेन्नई और पुणे, हैदराबाद और कोलकाता तथा जयपुर और दिल्ली के बीच भी कनेक्टिविटी बढ़ा रही है।

एयरलाइन ने मुंबई को बैंकॉक से जोडऩे वाली एक दैनिक उड़ान भी शुरू की।

स्पाइसजेट की मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने कहा, हम अपने नेटवर्क को बढ़ाने और अपने शीतकालीन शेड्यूल में 44 उड़ानें जोडऩे के लिए उत्साहित हैं।

भाटिया ने कहा, यात्रियों की सुविधा पर विशेष ध्यान देते हुए उड़ानों का चयन सावधानीपूर्वक किया गया है, इससे उन्हें यात्रा के व्यापक विकल्प उपलब्ध होंगे।

# निवेशकों की चिंता कम होने से भारतीय बाजारों में लौटी तेजी



**मुंबई ।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि निवेशकों की चिंता में कमी के बीच भारतीय बाजार में तेजी लौटी है। मजबूत वैश्विक संकेतों, स्थिर मैक्रो-इकोनॉमिक डेटा और मजबूत घरेलू कॉर्पोरेट आय से उम्मीदें बढ़ी हैं। नायर ने कहा कि संकेत है कि अमेरिकी फेड द्वारा भविष्य में दरें बढ़ाने की संभावना नहीं है और तेल की कीमतों में मामूली गिरावट से सेंटीमेंट्स में सुधार हुआ है।

निफ्टी 97 अंक या 0.51 फीसदी की तेजी के साथ 19,230.60 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 283 अंक या 0.44 फीसदी की तेजी के साथ 64,363.78 पर बंद हुआ। दूसरी तिमाही के नतीजे मार्जिन में स्वस्थ विस्तार की संभावना तलाश रहे हैं, जिससे आय वृद्धि में मजबूत उछाल आ रहा है।

कमाई के मौसम के बीच, लार्ज-कैप कंपनियां सालाना आधार पर शुद्ध लाभ में 40 प्रतिशत की ठोस वृद्धि का संकेत दे रही हैं। नायर ने कहा, इसके अलावा, वैश्विक मुद्रास्फीति में नरमी और स्थिर घरेलू और बाहरी मांग से दूसरी छमाही में कॉर्पोरेट आय का परिदृश्य बढ़ रहा है। ज्यादातर सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी रियलिटी ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो 2.54 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

इस बीच, बैंक ऑफ इंग्लैंड ने उम्मीद के मुताबिक बेंचमार्क दर बरकरार रखी, लेकिन आने वाले समय में ग्रोथ नहीं होने और बेरोजगारी बढऩे की भविष्यवाणी भी यह व्यक्त करता है। अपोलो हॉस्पिटल्स, अदानी पोर्ट्स, आयशर मोटर्स, एलटीआईमाइंडट्री और टाइटन कंपनी निफ्टी पर प्रमुख लाभ पाने वालों में से थे, जबकि लुढक़ने वालों में बजाज फिनसर्व, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील शामिल थे।

# आरबीआई ने पीएनबी समेत चार बैंकों को ठोका भारी भरकम जुर्माना




**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने आज पंजाब नेशनल बैंक समेत चार बैंकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

आरबीआई के बयान के मुताबिक, पंजाब नेशनल बैंक पर 72 लाख रुपये, फेडरल बैंक पर 30 लाख रुपये, कोसमट्टम फाइनेंस पर 13.38 लाख रुपये और मर्सिडीज-बेंज फाइनेंशियल सर्विसेज पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी कंपनियों की अलग-अलग खामियों की वजह से उन पर ये आर्थिक जुर्माना लगाया गया है।

पंजाब नेशनल बैंक पर अपने एक्शन की जानकारी देते हुए रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंक पर कुछ नियमों का पालन न करने की वजह से 72 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई गई है।

आरबीआई के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बैंक ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (इंट्रेस्ट रेट ऑन डिपॉजिट) डायरेक्शंस 2016, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इंट्रेस्ट रेट्स ऑन एडवांसेज डायरेक्शंस 2016 और मास्टर सर्कुलर ऑन कस्टमर सर्विसेज इन बैंक्स के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं किया था। इस वजह से ये पेनल्टी लगाई गई है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आपके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप लक्ष्य को पाने के लिए एक्टिव रहेंगे ताकि कोई भी मौका चूक न जाए। जो लोग व्यापार करते हैं या जो नौकरी करते हैं, उनके करियर में उत्तम परिणाम मिलने के योग हैं।

***वृष :*** आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं से निपटने का रास्ता ढूंढ लेंगे और अपनी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। आपके कारोबार में बढ़ोतरी के योग हैं। व्यापार अच्छा चलेगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही आपके निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। आपको नौकरी में पदोन्नति के साथ ट्रांसफर होने की संभावना है।

***कर्क:*** आज आपको अपने मनचाहे काम में सफलता मिल सकती है। नौकरी में आज संभव है, आपको किसी अच्छी जगह ट्रांसफर मिल जाए जहां जाने की आप लंबे समय से उम्मीद कर रहे थे। व्यवसाय कर रहे लोगों को कुछ अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

***सिंह:*** आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा। आज किसी धार्मिक समारोह में हिस्सा लेंगे और ज्यादा लोगों से आपके संपर्क जुड़ेंगे, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकता है और आपके व्यवसाय के लिए भी फायदेमंद रहेगा।

***कन्या:*** आज आपको किसी तरह के कानूनी मामलों में दोस्तों की मदद मिलेगी और आपकी समस्याओं का समाधान होगा। आपके प्रयासों की सराहना की जाएगी, जो आपको किसी तोहफे की तरह महसूस करा सकता है।

***तुला:*** आज आपका मन शांत रहेगा और मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा। यदि आंखों या गले की कोई समस्या लग रही है तो भ्रामरी प्राणायाम करें और नित्य ठंडे पानी से आंखों को धोने की आदत डालें, लाभ मिलेगा।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी में खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत पड़ेगी। इस तरह आप अपनी स्थिति मजबूत कर पायेंगे और आपके प्रमोशन की बात पक्की हो सकती है।

***धनु:*** आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे आपको खुशी मिलेगी और आप कहीं की यात्रा का प्लान बनाएंगे। नौकरी में बदलाव के लिए सोच सकते है यह आपके लिए अच्छा रहेगा सैलरी में बढ़ोतरी होगी।

***मकर:*** आज का दिन आपके करियर में बदलाव लेकर आ सकता है। आप नौकरी बदलने के बारे में सोच सकते हैं। नौकरी के लिए प्रयास करेंगे और सफल होंगे। व्यापार से जुड़े लोगों को बिजनेस बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं।

***कुंभ:*** आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नौकरी में अपनी मेहनत से धन कमाने में कामयाब रहेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है आमदनी बढ़ सकती है आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

***मीन:*** आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको आपकी मेहनत से नौकरी में अच्छे नतीजे प्राप्त होंगे आपकी सराहना होगी और पदोन्नति का मौका मिल सकता है।

# दिवाली पर बजट के अनुकूल इस तरह सजाएं अपना घर



दिवाली का त्योहार आने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं और यकीनन इसके लिए कई लोगों ने घर की साफ-सफाई भी शुरू कर दी होंगी।वैसे इस मौके पर घर की सजावट पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए आप दीये और लाइट्स के अलावा कम बजट में कई चीजों का इस्तेमाल करके अपने घर की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं।चलिए फिर आज दिवाली पर घर सजाने के लिए कुछ बेहतरीन तरीके जानते हैं।

### रंगोली बनाएं

अगर आपके घर के बाहर का हिस्सा बड़ा है तो आप फर्श को रंगोली से सजा सकते हैं।इसके लिए ऑनलाइन रिसर्च करके अच्छे रंगोली डिजाइन्स खोजें और फिर अपनी पसंदीदा रंगोली डिजाइन की रूपरेखा तैयार करें। अब इसे भरने के लिए रंगों का इस्तेमाल करें।इसके अलावा बाहर के दरवाजे के कोने और मंदिर में भी छोटी-छोटी रंगोली बनाएं। इसके लिए रंगों के साथ-साथ फूलों का भी इस्तेमाल करें।रंगोली बनाने के लिए इन हैक्स की मदद लें।

### इस तरह सजाएं दीवारें

दिवाली का त्योहार रोशनी का है और ऐसे खास मौके पर लाइट्स और शीशे की सजावट करना तो बनता है।इसके लिए आप अपने घर की दीवारों पर लाइट वाली लड़ियां लगाएं। यह हर घर में आसानी से उपलब्ध होती है।इसके अलावा आप घर की दीवारों की सजावट शीशे से भी कर सकते हैं। इसमें जब दीयों और अन्य लाइट्स की रोशनी का प्रतिबिंब नजर आता है और घर और भी अधिक खूबसूरत लगता है।

### घर पर बनाएं शुभ-लाभ हैंगिंग

इस दिवाली अपने हाथ से शुभ-लाभ हैंगिंग बनाकर अपने घर की खिडक़ी-दीवारों पर लगाएं। आप इसे कम बजट में घर पर आसानी से बना सकते हैं।इसके लिए पहले एक कार्डबोर्ड पर 2 गोले बनाकर कांट लें। अब इसे कलरफुल शीट से कवर करने के बाद एक पर गिलीटर से शुभ और दूसरे पर लाभ लिखें।इसके बाद उसके किनारों को मोती, शीशे या गोटे से सजाकर इसे रिबन से ऐसे चिपकाएं ताकि इन्हें दीवार पर टांगना आसान हो जाए।

### फूलों से करें सजावट

दिवाली पर आप फूलों का इस्तेमाल करके भी घर को सजा सकते है।हालांकि, इसके लिए आपको आर्टिफिशियल फूलों की बजाय असली फूलों का ही इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि असली फूलों से घर की सजावट ज्यादा अच्छा लगती है, साथ ही इसकी खुशबू से घर महकता भी रहता है।इसके लिए घर के सभी कमरों के किनारों और दरवाजों और खासतौर पर मंदिर को भी फूलों से सजाएं।दिवाली पर मेहमानों के लिए ये मीठे व्यंजन भी बनाएं।

### घर पर फोटोग्राफी कॉर्नर बनाएं

दिवाली खुशियों का त्योहार है तो इसमें सेल्फी लेना तो बनता है। इसके लिए अपने घर पर एक फोटोग्राफी कॉर्नर बनाएं।ऐसा करने के लिए सबसे पहले बालकानी, आंगन या अन्य ओपन एरिया चुनें और फिर वहां पर फ्रेम तैयार करें।इसके बाद फ्रेम को गेंदा और अन्य फूलों की माला का इस्तेमाल करके सजाएं।आप चाहें तो रंगोली के रंगों का इस्तेमाल करके मल्टी-कलर फ्रेम भी तैयार कर सकते हैं। यह फुल त्योहार वाली वाइब्स देने में मदद करेगा।

# टाइगर 3 का नया प्रोमो जारी, सलमान खान और इमरान हाशमी के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत




सलमान खान की अगली फिल्म टाइगर 3 का नया और धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें इस बार विलेन के रोल में आतिश यानी इमरान खान टाइगर को धमकी देते दिख रहे हैं.

फिल्म रिलीज से बस कुछ दिनों की दूरी पर मेकर्स ने फैंस उत्सुकता को और भी ज्यादा तेज करने के लिए फिल्म की नई झलक सबके साथ शेयर की है. इस धमाकेदार प्रोमो की शुरुआत इमरान के फिल्म में निभा रहे किरदार बोल रहे हैं, अब मेरी बारी है, दुनिया के नक्शे से हिन्दुस्तान का वजूद ही मिटा दूंगा मैं, वादा करता हूं टाइगर. इसके बाद टाइगर और जोया के धमाकेदार एक्शन सीन्स करते नजर आ रहे हैं. इमरान इस रोल में काफी अलग और दमदार दिख रहे हैं, उनका लुक किसी खूंखार विलेन से कम नहीं लग रहा है.

## शब्द सामर्थ्य- 232

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 231 का हल



## सू-दोकू- 232

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.231 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |